संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार, 01 मार्च 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एमपी में विकास परियोजनाओं की उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 59 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नवनीत राणा की जाति पर सवाल, फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (28 फरवरी) को लोकसभा की अमरावती सीट से सांसद नवनीत कौर राणा के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े केस में फैसला सुरक्षित रख लिया। नवनीत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने के लिए याचिका लगाई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि नवनीत ने मोची जाति का प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी से हासिल किया था। कोर्ट ने कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह सिख-चमार जाति से थीं। हाईकोर्ट ने उन पर 2 लाख रुपए जुमार्ना भी लगाया था। केस जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की बेंच में था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सांसद राणा के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।

**हाईकोर्ट ने 6 महीने में सर्टिफिकेट सरेंडर करने कहा था**

दरअसल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से समर्थित प्राप्त राणा ने 2019 में अमरावती से जीत हासिल की थी। उन्होंने दावा किया था कि वह मोची जाति से आती हैं। बॉम्बे ह्रउ ने राणा को 6 हफ्ते के अंदर जाति प्रमाणपत्र सरेंडर करने कहा था। साथ ही महाराष्ट्र कानूनी सेवा प्राधिकरण को 2 लाख रुपए का जुमार्ना देने को कहा था। हाईकोर्ट का कहना था कि अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र लेने के लिए मोची जाति से जुड़े होने का राणा का दावा फर्जी था। कोर्ट ने कहा था कि ये जानते हुए भी कि वे उस जाति से नहीं है, उन्होंने रउ कैटेगरी के उम्मीदवार मिलने वाले लाभ हासिल करने के इरादे से फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया था।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जानबूझकर किया गया था ताकि राणा अनुसूचित जाति के उम्मीदवार के लिए रिजर्व सीट पर सांसद का चुनाव लड़ सकें।

**2013 में जारी हुआ था राणा का कास्ट सर्टिफिकेटः** राणा को मोची जाति का कास्ट सर्टिफिकेट मुंबई के डिप्टी कलेक्टर ने 30 अगस्त 2013 को जारी किया था। राणा की जाति पर सवाल उठाते हुए शिवसेना नेता आनंदराव अडसुल ने मुंबई जिला जाति प्रमाणपत्र जांच समिति में शिकायत दर्ज की थी। हालांकि, समिति ने राणा के पक्ष में फैसला सुनाया और प्रमाणपत्र को मान्य किया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की। अडसुल ने दलील दी थी कि राणा ने जाली दस्तावेजों केआधार पर प्रमाणपत्र बनवाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस काम के लिए नवनीत राणा के पति रवि राणा ने अपने पद का इस्तेमाल किया था। हाईकोर्ट ने माना था कि जांच समिति ने जो आदेश दिया वह पूरी तरह से विकृत था, बिना दिमाग लगाए और रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के विपरीत था। बेंच ने कहा था कि नवनीत राणा के मूल जन्म प्रमाण पत्र में मोची जाति का उल्लेख नहीं है।


### आदर्श विचार



"जो पैदा हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है।"

भागवद्

### मन की बात



"ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख





# सुक्खू बने रहेंगे हिमाचल के सीएम

### छह बागी विधायकों पर एक्शन के बाद पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार का ऐलान, ये बहुत दुखद है कि हमने हिमाचल की राज्यसभा सीट खो दी हैः डीके

**एकजुट!**

> हमने एक कोर्डिनेशन कमेटी बना दी है, जो सरकार और पार्टी के बीच कॉर्डिनेशन का काम करेगी: डीके शिवकुमार





**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल में जारी सियासी उथलपुथल का पटाक्षेप होता नजर आ रहा है। पार्टी आलाकमान की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में भेजे गए कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये बहुत दुखद है कि हमने हिमाचल की राज्यसभा सीट खो दी है। पूरे देश ने हिमाचल के राज्यसभा का चुनाव देखा। उन्होंने कहा कि हमने एक कोर्डिनेशन कमेटी बना दी है, जो सरकार और पार्टी के बीच कॉर्डिनेशन का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हम यूनाइटेड हैं, हमारे पास पूरे नंबर हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी का बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि सुक्खू ही हिमाचल के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। क्या सीएम सुक्खू 5 साल तक सीएम रहेंगे इस सवाल के जवाब में कांग्रेस पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार है और सुक्खू सीएम हैं। सभी विधायक 5 साल तक कांग्रेस सरकार चाहते हैं। यहां कोई ऑपरेशन लोटस नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे सीएम ने स्वीकार किया कि कुछ विफलता हुई है, लेकिन यह आगे जारी नहीं रहेगा। हमने सभी विधायकों से व्यक्तिगत रूप से बात की है।

हमने पीसीसी अध्यक्ष, सीएम से बात की है। एक दौर की चर्चा बाद में होगी। सभी ने अपने मतभेद सुलझा लिए हैं। अब सब मिलकर काम करेंगे हम पार्टी और सरकार के बीच 5 से 6 सदस्यों के साथ एक समन्वय समिति बना रहे हैं। वे पार्टी को बचाने और सरकार को बचाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

### स्पीकर ने छह विधायकों को अयोग्य घोषित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच चल रही सियासी खींचतान में गुरुवार को नया मोड़ आ गया ।विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कांग्रेस के छह विधायकों को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहरा दिया है। अयोग्य ठहराए गए विधायकों में सुजानपुर से राजेन्द्र राणा, धर्मशाला से सुधीर शर्मा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, गगरेट से चैतन्य शर्मा, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर शामिल हैं। राज्य विधानसभा के सदस्यों के रूप में अयोग्य होने से यह सीटें रिक्त हो गई हैं।

### कांग्रेस अपने गिरेबान में झांकेः जयराम

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता और अपने कार्यकताओं, नेताओं, मंत्रियों और विधायकों की नजर में गिर गई है। अगर हमारे विधायकों को सदन से अलोकतांत्रिक तरीके से निष्कासित नहीं किया जाता तो यह सरकार सदन में भी गिर गई होती। कट-मोशन पर यदि हमारे मत विभाजन की मांग को भी स्वीकार किया जाता तो यह सरकार उसी दिन ही गिर गई होती। नेता प्रतिपक्ष ठाकुर ने गुरुवार को शिमला में कहा कि सरकार अल्पमत में हैं और इस तरह से सरकार को कब तक बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिसे भी सरकार प्रताड़ित करेगी, जिसे भी जनता की आवाज उठाने के बदले सरकारी तंत्र से परेशान किया जाएगा, भाजपा हर उस व्यक्ति के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

## शाहजहां ममता सरकार की दामन-ए-रहमत में था महफूजः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न में आरोपित गिरफ्तार टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी से पहले वह ममता सरकार के संरक्षण में एक सुरक्षित घर में थे। अब, उन्हें ईडी और सीबीआई की गिरफ्तारी से बचने के लिए पश्चिम बंगाल के 'मेहमान-नवाजी' के तहत रखा गया है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता डॉ। सुधांशु त्रिवेदी ने आज कहा कि शाहजहां शेख महफूज ठिकाने पर ममता सरकार की दामन-ए-रहमत में महफूज था। अब उसे दोबारा हिफाजत देने के लिए ताकि उसे ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तार न किया जा सके, इसलिए पश्चिम बंगाल पुलिस की मेहमाननवाजी में चला गया है। मेहमाननवाजी इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि गिरफ्तारी के दौरान शाहजहां शेख की जो बॉडी लैंग्वेज थी, वह किसी गुनहगार की नहीं लग रही थी।

# गिरफ्तारी के बाद शेख को टीएमसी ने सस्पेंड किया



**काबू किया**

> शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार 29 फरवरी की सुबह मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां को टीएमसी ने 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पार्टी के फैसले का ऐलान करते हुए टीएमसी लीडर डेरेक ओ' ब्रायन ने कहा कि एक पार्टी है, जो सिर्फ बोलती रहती है। तृणमूल जो कहती है, वो करती है। शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार 29 फरवरी की सुबह नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया। वह 55 दिन से फरार था। पुलिस ने उसे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। कोलकाता पुलिस ने जांच क्रिमिनल इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट को सौंप दी है। साउथ बंगाल के सुप्रतिम सरकार ने कहा कि वह 5 जनवरी को ईडी अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ईडी की टीम पर हमले में शेख शाहजहां ने अपनी भूमिका कबूल कर ली है।

**बेल के लिए वकील हाईकोर्ट पहुंचा, कोर्ट बोला- गिरफ्तार ही रहने दोः** गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा, "उसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मस्जिद विवादः अगली सुनवाई 13 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल सिविल वादों पर मस्जिद पक्ष की सुनवाई पूरी हो गई है। मस्जिद पक्ष की सीनियर अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। मंदिर पक्ष की तरफ से दाखिल किए गए सिविल वादों की पोषणीयता पर आदेश 7 नियम 11 के तहत मस्जिद पक्ष की आपत्ति पर बहस हो रही है।

## कैबिनेट : पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी



**सौर ऊर्जा**

> 75,021 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 फरवरी को योजना की घोषणा की थी। योजना के तहत 75,021 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसलों की जानकारी देते हुए योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस की होगी स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में मुख्यालय के साथ इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की स्थापना को आज मंजूरी प्रदान कर दी। 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को भी मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

बिग कैट एलायंस एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन होगा, जिसमें 96 बिग कैट वाले देशों, बिग कैट के संरक्षण में रुचि रखने वाले देशों, संरक्षण भागीदारों और वैज्ञानिक संगठनों का समूह होगा।

## अजमेर ब्लास्टः करीम टुंडा बरी, दो को उम्रकैद

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेरः** लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई की ट्रेनों में 6 दिसंबर 1993 को हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में अजमेर के स्पेशल टाडा कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपित आतंकी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा को सभी आरोपों से मुक्त करते हुए बरी कर दिया। उसके अन्य साथियों इरफान ौर हमीदुद्दीन को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## 'वन मिसाइल वन टैंक' के लक्ष्य पर 260 से अधिक मिसाइलें दागीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सेना की पूर्वी कमान ने सिलीगुड़ी के पास तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में सालाना कमांड स्तरीय प्रशिक्षण अभ्यास किया। इसमें इन्फैंट्री और मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया। 'वन मिसाइल वन टैंक' के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से 260 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। युद्ध के मैदान पर सामरिक परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए गोलीबारी की गई, जिसमें टैंकों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। पश्चिम बंगाल के उत्तर में एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) का यह कमांड स्तर का प्रशिक्षण अभ्यास 20 से 28 फरवरी तक चला। फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय पैदल सेना और मशीनीकृत पैदल सेना बटालियनों की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने अभ्यास में भाग लिया। पूर्वी कमान के त्रिशक्ति कोर के तत्वावधान में गोलीबारी की गई।

'वन मिसाइल वन टैंक' के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से 260 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। हेलीकॉप्टरों से भेजी गई टुकड़ियों ने लक्ष्यों पर हमला करने का भी अभ्यास किया।

## 'अब कोर्ट का स्टे ऑर्डर छह महीने बाद स्वतः खत्म नहीं होगा'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने एक अहम फैसले में साफ किया है कि ट्रायल कोर्ट या हाई कोर्ट में लंबित मुकदमों पर लगाई गई रोक 6 महीने के बाद खुद ब खुद नहीं हटाई जा सकती। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने 2018 में तीन जजों की बेंच के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि मुकदमों पर लगाई गई अंतरिम रोक की अधिकतम अवधि 6 महीने ही मानी जाएगी, जब तक रोक को विशेष आदेश के जरिये ना बढ़ाया गया हो। संविधान बेंच ने कहा है कि संवैधानिक कोर्ट को निचली अदालतों में लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं करनी चाहिए। निचली अदालत के जज स्थानीय जमीनी हकीकत को कहीं ज्यादा बेहतर समझते हैं।

## भाजपा को केरल में 2 जीरो मिलेंगेः थरूर



**दावा**

> पार्टी यहां की संस्कृति-इतिहास नहीं समझती; पीएम ने डबल डिजिट सीट जीतने की उम्मीद जताई थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**केरलः** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा है कि भाजपा को केरल में डबल डिजिट में सीट तभी मिलेंगीं, जब ये दो जीरो होंगे। भाजपा केरल का इतिहास और संस्कृति नहीं समझती है। यहां सांप्रदायिकता ज्यादा दूर नहीं चल सकती है। थरूर ने ये बयान पीएम मोदी के डबल डिजिट में सीट जीतने के बयान के बाद दिया है। दरअसल, 28 फरवरी को पीएम मोदी केरल के तिरुवनंतपुरम के दौरे पर थे। यहां उन्होंने कहा कि 2019 में केरल के लोगों के दिलों में उभरी 'उम्मीद' अब 2024 में उनका 'विश्वास' बन गई है। 2019 में केरल में एनडीए को दोहरे अंकों में वोट मिले। ऐसा लग रहा है कि 2024 में केरल ने दोहरे अंक में 'सीटें' देने का फैसला कर लिया है।

**भाजपा ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी हैः** थरूर ने कहा- मैं नरेंद्र मोदी को इतना क्रेडिट दूंगा कि वे 6 पर्सेंट पार्टी को 12-13 पर्सेंट तक ले आए हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं। हमें ये भी पता है कि भाजपा ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री खुद दिल्ली और केरल में राज्य के कई ईसाई धार्मिक नेताओं से मिल चुके हैं। केरल के सेंट्रल त्रावणकोर एरिया में ईसाई समुदाय की महत्वपूर्ण उपस्थिति है और कहते हैं कि उनका वोट वहां के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में जीत-हार तय करता है, लेकिन मणिपुर हिंसा के बाद भाजपा की रणनीति विफल हो गई है।

**रिपोर्ट** इनमें सोनिया गांधी और शत्रुघ्न सिन्हा शामिल; सवाल पूछने में महाराष्ट्र के एमपी अव्वल

# 17वीं लोकसभा का रिपोर्ट कार्ड-29 सांसद पूरे समय मौन रहे



**संसद में भाग**

> 29 सांसद ऐसे रहे, जिन्होंने एक भी सवाल नहीं पूछा। इनमें कांग्रेस से सोनिया, अखिलेश यादव, शत्रुघ्न भी शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** 17वीं लोकसभा (2019 से 2024) का कार्यकाल खत्म होने वाला है। इन पांच साल में 143 सांसद 729 प्राइवेट मेंबर बिल लाए, लेकिन इनमें से एक भी पारित नहीं हुआ। 25 सांसदों ने 500 से ज्यादा तो 113 ने 300 से ज्यादा सवाल पूछे। 29 सांसद ऐसे रहे, जिन्होंने एक भी सवाल नहीं पूछा। इनमें कांग्रेस से सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, शत्रुघ्न सिन्हा भी शामिल हैं। अखिलेश मार्च 2022 में इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि शत्रुघ्न अप्रैल 2022 में सदन पहुंचे हैं। महाराष्ट्र के हरेक सांसद ने सबसे ज्यादा औसतन 370 सवाल पूछे। सबसे ज्यादा सवाल पूछने वाले 10 सांसदों में भी 7 महाराष्ट्र के हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश के सांसदों ने औसतन 275 तो राजस्थान के सांसदों ने 273 सवाल पूछे। हाजिरी के मामले में हरियाणा के सांसद सबसे ऊपर रहे। ऐसे टॉप-10 सांसदों में 4 यहीं से हैं। 10 फरवरी 2024 को 17वीं लोकसभा का आखिरी और अंतरिम बजट सत्र खत्म हुआ था। इस अवधि तक संसद सत्र के दौरान 5 साल में कुल 274 बैठकें हुईं।

**हमीरपुर सांसद 1261 चर्चा में मौजूद, महिलाओं में सुले ने 629 सवाल पूछेः** तीन सांसद- सिरसा की सुनीता दुग्गल, अजमेर के भागीरथ चौधरी और कांकेर के मोहन मांडवी की 100% हाजिरी रही। सांसदों की औसतन 79% उपस्थिति रही, जो 16वीं लोकसभा में 80% थी। सबसे ज्यादा 654 सवाल बालुरघाट (प। बंगाल) के भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार ने पूछे। यदि पार्टीवार बात करें तो एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने सबसे ज्यादा 629 सवाल पूछे। जनहित के मुद्दे हों या बजट-बिल, इनमें सांसदों ने औसतन 45 बहसों में ही हिस्सा लिया। केरल व राजस्थान के सांसद बहसों में सबसे ज्यादा मौजूद रहे। हमीरपुर (यूपी) के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने 1261, जबकि अंडमान-निकोबार के कुलदीप शर्मा ने 834, बिजनौर (यूपी) के मलूक नागर ने 606 बहसों में हिस्सेदारी की।

# अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता को सीधे मिलेगी सरकारी नौकरी, विधेयक विस में हुआ पास

**हरी झंडी**

**8 खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस ऐतिहासिक क्षण की प्रदेश के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को बधाई दी है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार हरियाणा राज्य की तर्ज पर उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता को 5400 ग्रेड पे व अन्य ग्रेड पे पर सीधे नौकरी देगी। विधानसभा के पटल पर हरी झंडी मिल गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस ऐतिहासिक क्षण की प्रदेश के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।
उत्तराखंड विधानसभा में खिलाड़ियों के हित में एक विधेयक पास हो गया है, जिसमें राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है, ताकि रोजगार के लिए उनका पलायन रुके जिसे विधानसभा के पटक पर खिलाड़ियों के हित में पास किया गया है।
खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे नौकरी मिलने से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे उत्तराखंड को खेलभूमि के नाम से भी जाना जाएगा। उत्तराखंड पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे नौकरी देने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में खेल एवं खिलाड़ियों के लिए केंद्र व राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। आज हमारे खिलाड़ियों ने विश्वस्तर पर भारत देश का मान और सम्मान बढ़ाया है।राज्य सरकार भी खिलाड़ियों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति योजना,आउट ऑफ टर्न जॉब की व्यवस्था,खेल मैदानों को सुदृढ़ करने की व्यवस्था सहित कई अन्य सुविधाएं की हैं।
उन्होंने चार प्रतिशत आरक्षण को लागू किये जाने को लेकर कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक पल है। लंबे समय से हमारे खिलाड़ी सरकारी नौकरी में चार प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे थे जिसके लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया गया जो सफल भी हुआ है।

# 439 किमी सड़कों के लिए 259 करोड़ स्वीकृत, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

**धनराशि**

**8 सड़कों के नवीनीकरण, सदृढ़ीकरण व सुरक्षात्मक कार्यों के लिए धनराशि मंजूर की गई है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से केंद्रीय सड़क अवस्थापना निधि के अंतर्गत उत्तराखण्ड के विभिन्न लोक सभा क्षेत्रों की 439 किमी सड़कों के नवीनीकरण, सदृढ़ीकरण व सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 259.00 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय सड़क



परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार भी व्यक्त किया है।
मुख्यमंत्री धामी प्रदेश की लोक महत्व से जुड़ी इन सड़कों की आवश्यक मरम्मत हेतु केंद्रीय सड़क अवस्थापना निधि से धनराशि स्वीकृत करने का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध करते रहे हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न लोक सभा क्षेत्रों के तहत कुल 439 किमी सड़कों का नवीनीकरण, सुधारीकरण एवं सुरक्षा संबंधी कार्य होने से क्षेत्र की जनता के साथ उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों को आवागमन में सुविधा होगी।
पौड़ी लोकसभा क्षेत्र की 164 किमी की 7, अल्मोड़ा की 180 किमी की 4 और टिहरी की 65 किमी की एक और नैनीताल की 30 किमी की एक सड़क शामिल है।

## हिमानी को कुमाऊं विवि ने सेवा श्री पुरस्कार से नवाजा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
महिला डिग्री कॉलेज की बीकॉम ऑनर्स छठे सेमेस्टर की छात्रा हिमानी गोस्वामी को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने कोठारी एकता धर्म सेवा श्री पुरस्कार से नवाजा है।प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने बताया कि दिसंबर में कुमाऊं विश्वविद्यालय ने पुरस्कार के लिए छात्र-छात्राओं से आवेदन मांगा था। समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, जल संरक्षण, पॉलीथिन उन्मूलन में उल्लेखनीय योगदान, कन्या भ्रूण हत्या, जैव संरक्षण आदि क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का साक्ष्य सहित आवेदकों को देना था।

# महिला सशक्तिकरण: लिव इन के लिए अब रजिस्ट्रेशन करना होगा अनिवार्य

**जानकारी**

**8 -राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपर्क विभाग ने छात्र-छात्राओं से साझा की यूसीसी की जानकारी**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सम्पर्क विभाग के तत्वाधान में एसएमजेएन पीजी कालेज में एक संगोष्ठी आयोजित कर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की विशेषताएं तथा भविष्य में इसकी उपयोगिता के विषय में विषद जानकारी दी।
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख सीए अनिल वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बताया कि इस बिल के द्वारा उत्तराखंड में निवास करने वाले सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता एवं उत्तराधिकार जैसे विषयों को लेकर समान नियम बनाए जाने का प्रावधान किया गया है। किसी को भी अपने धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों को करने की पूरी छूट रहेगी। उन्होंने बताया कि ये नियम केवल विवाह, तलाक, उत्तराधिकार एवं गुजारा भत्ता से संबंधित विषयों पर ही लागू होंगे।विवाह का 90 दिन के अंदर पंजीकरण करना आवश्यक है। तलाक भी बिना अदालत की अनुमति के लेना संभव नहीं है। परिवारों में होने वाले बच्चों का अपने माता-पिता की संपत्ति में तलाक के उपरांत भी पूरा अधिकार रहेगा। तलाक के उपरांत दूसरा विवाह होने तक महिला अपने पति से गुजारा भत्ता पाने के अधिकारी रहेगी। ये नियम वास्तव में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक अच्छी पहल है। लड़का एवं लड़की के लिए विवाह की आयु भी इन नियमों के द्वारा निश्चित की गई है। लड़के की आयु 21 वर्ष तथा लड़की की आयु 18 वर्ष न्यूनतम रखी गई है।
उन्होंने बताया कि आजकल प्रचलन में चल रहे लिव इन संबंधों को भी अब कानून के अंतर्गत लाया गया है। यदि कोई लड़का एवं लड़की लिव इन में रहते हैं तो उन्हें उसका पंजीकरण करना आवश्यक है। यदि इस संबंध के द्वारा कोई संतान उत्पत्ति होती है तो वह भी अपने माता-पिता की संपत्ति में उत्तराधिकारी रहेगी। सीए अनिल वर्मा ने कानून की उपयोगिता को भविष्य में किस प्रकार से समाज की कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी इस विषय पर विस्तार से बताया।
इस मौके पर एसएमजेएन पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. सुनील बत्रा ने कहाकि देश की आजादी के बाद से ही समान नागरिक सहिंता कानून बनाने पर चर्चा व मांग चली आ रही थी। हमें गर्व है कि यह कानून देश ने पहली बार उत्तराखंड सरकार ने पारित किया है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ संजय माहेश्वरी ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष बोले- आज बेरोजगारी पर सरकार को घेरेंगे, करप्शन और ला एंड ऑर्डर पर जवाब नहीं दे रही सरकार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि विधान सत्र के चौथे दिन आज बेरोजगारी को लेकर सरकार को घेरेंगे।
विधानसभा पहुंचने पर गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि करप्शन और ला एंड ऑर्डर पर सरकार जवाब नहीं दे पा रही है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार मानेगी भी। हाई कोर्ट ने भी कहा कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर विधान सत्र के समय को लेकर कहा कि सत्र का समय सीमा काफी कम है। सरकार भी सत्र नहीं चलाना चाहती। युवाओं को रोजगार देने में सरकार विफल है। बेरोजगार युवा रोजगार को भटक रहे हैं।

### आज हीरानगर में लगेगी गोल्ज्यू की जागर

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर की ओर से आज श्री गोल्ज्यू मंदिर में गोल्ज्यू की जागर लगाई जाएगी। इसमें कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों से डंगरिये और जगरिये आमंत्रित किए गए हैं। मंच अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया, शाम 6 बजे से जागर शुरू होगी। कल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### 17 मार्च को गोरखा सम्मेलन करेगी भाजपा, विस्तार-विकास और उत्थान पर होगी चर्चा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गोरखा प्रकोष्ठ की बैठक गुरुवार को राजपुर रोड स्थित नारायण मुनि भवन में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव व पार्टी की ओर से दिए गए करणीय कार्यों पर चर्चा की गई।
वर्तमान परिपेक्ष्य में गोरखा प्रकोष्ठ ने भाजपा में गोरखाली समुदाय के विस्तार, विकास व भविष्य के उत्थान पर चर्चा की। 17 मार्च 2024 को ह्यगोरखा सम्मेलनह्व करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही उसके आयोजन संबंधी विषयों पर चर्चा भी हुई। बैठक में गोरखा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अभिषेक शाही, प्रदेश सह संयोजक कैप्टन दिनेश प्रधान, कर्नल माया गुरूंग आदि थे।
बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुमोदन से सर्वसम्मति से एडवोकेट वरुण क्षेत्री को गोरखा प्रकोष्ठ देहरादून महानगर का सह संयोजक घोषित किया गया।

### मुख्य सचिव ने मोटे अनाज के उत्पादन के लिए दिए निर्देश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मंडुवा, झंगोरा व चौलाई का उत्पादन बढ़ाने और सप्लाई चेन को बेहतर करने के सम्बन्ध में गुरुवार को विधानसभा भवन में हाउस ऑफ हिमालया और मिलेट मिशन की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं।सीएस रतूड़ी ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रदेश में अनुपयोगी घाटियां एवं जमीनों को चिह्नित कर उनमें मंडुवा, झंगोरा एवं चौलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने और क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। इसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता से दिया जाना चाहिए।मुख्य सचिव ने कहा है कि मंडुवा, झंगोरा, चौलाई तथा अन्य स्थानीय उत्पादों के उत्पादन तथा प्रोक्यूरमेंट को बढ़ाने के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग के साथ ही सहकारिता विभाग को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस दिशा में मुख्य सचिव ने यूसीएफ (उत्तराखंड स्टेट को-आपरेटिव फेडरेशन) और हाउस ऑफ हिमालया के मध्य एमओयू किये जाने हेतु निर्देश दिए हैं। सीएस ने झंगोरा तथा चौलाई की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाने के सम्बन्ध में इनपुट कॉस्ट (लागत मूल्य ) का अध्ययन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उत्तराखंड के अम्ब्रेला ब्राण्ड हाउस ऑफ हिमालया की मजबूती और स्थानीय उत्पादों की बेहतरीन मार्केटिंग के लिए मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के बड़े स्थापित ब्राण्ड्स की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

# ऋषिकेश में कल रिलीज होगी गढ़वाली फीचर फिल्म पितृकुड़ा



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की अनोखी परम्परा लिंगवास पर बनी गढ़वाली फीचर फिल्म पितृकुड़ा कल शुक्रवार से ऋषिकेश के रामा पैलेस में रिलीज हो रही है। यह जानकारी फिल्म के निर्देशक प्रदीप भंडारी ने प्रेस क्लब में फिल्म का ऑफिशियल पोस्टर लांच करते हुए बताया कि इससे पूर्व मंसूरी और देहरादून में एक माह तक चली इस फिल्म ने भारी लोकप्रियता हासिल की है।
फिल्म के बारे में पत्रकारों से बातचीत में फिल्म के निर्देशक प्रदीप भंडारी ने बताया कि पितृकुड़ा फिल्म परिवार के भावनात्मक रिश्तों पर बनी बहुत मार्मिक फिल्म है जो बड़े बुजर्गों के प्रति प्रेम और पहाड़ में मौजूद अपनी मूल जड़ों से जुड़े रहने के लिए दर्शकों के दिलों को छूती है। सिल्वर स्क्रीन पर पहली बार लोगों को पितृकुड़ा संस्कार के रूप में प्रदेश की अद्धुत संस्कृति के दर्शन होंगे। फिल्म में जबरदस्त एक्शन थ्रिलर, रोमांच, हास्य और मधुर गीत संगीत है। फिल्म दादा दादी और पोता पोती से लेकर प्रत्येक उम्र के दर्शक को मंत्रमुग्ध करेगी। फिल्म के गीत लोगों की जुबान पर छाने लगे हैं। फिल्म में नेपाली व्यक्ति का रहस्यमयी किरदार दर्शकों को बहुत रोमांचित करेगा।
फिल्म में सभी मंजे हुए कलाकारों ने काम किया है। लोकेशन और बैंक ग्राउण्ड म्युजिक तथा गीत संगीत श्रेष्ट और कर्णप्रिय रखा गया है। फिल्म की शूटिंग दूंगमंधार प्रतापनगर, मसूरी, टिहरी, देहरादून, नैनीताल, चोपता आदि रमणीक स्थलों पर हुई है। प्रदीप भंडारी ने कहा कि इस फिल्म को बनाने के लिए उसे उत्तराखंड सरकार का बड़ा योगदान है जिसने हमें सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई है यदि हम इस फिल्म को मुंबई में बनाते तो बहुत खर्च आता यहां बहुत कम खर्चे में यह फिल्म बनी है। इस फिल्म में कुल चार गाने हैं। इससे पहले भी उनके द्वारा फिल्म कैका बार और हेलो यूके आदि भी बनाई है।
इस अवसर पर फिल्म के सहायक निर्देशक विजय भारती ने आंचलिक संस्कृति और सिनेमा को सबल बनाने के लिए ऋषिकेश के जनमानस से फिल्म पितृकुड़ा देखने की अपील की है।

## 17 मार्च को गोरखा सम्मेलन करेगी भाजपा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गोरखा प्रकोष्ठ की बैठक गुरुवार को राजपुर रोड स्थित नारायण मुनि भवन में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव व पार्टी की ओर से दिए गए करणीय कार्यों पर चर्चा की गई।
वर्तमान परिपेक्ष्य में गोरखा प्रकोष्ठ ने भाजपा में गोरखाली समुदाय के विस्तार, विकास व भविष्य के उत्थान पर चर्चा की। 17 मार्च 2024 को ह्यगोरखा सम्मेलनह्व करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही उसके आयोजन संबंधी विषयों पर चर्चा भी हुई। बैठक में गोरखा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अभिषेक शाही, प्रदेश सह संयोजक कैप्टन दिनेश प्रधान, कर्नल माया गुरूंग आदि थे।

# अपहरण का आरोपित इनामी गिरफ्तार

**मुकदमा दर्ज**

**8 रानीपुर कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने अपहरण के आरोपित फरार इनामी को गिरफ्तार किया है।
गत माह जनवरी में रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर महदूद निवासी सुमित पुत्र ज्ञान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नाबालिग को भगा ले जाने के संबंध में आरोपित 27 वर्षीय शिवम पुत्र प्रसादी निवासी इस्माइलपुर दमी थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर उ.प्र. का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था, जबकि आरोपित तभी से फरार चल रहा था। एसएसपी ने आरोपित पर पांच हजार को इनाम घोषित किया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपित को मुखबिर की सूचना पर जीन्द हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

# चतुर्थ केदार रुद्रनाथ यात्रा व्यवस्था को लेकर डीएम ने ली बैठक

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ धाम की यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने मंदिर के पुजारियों, हक हकूक धारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस वर्ष भगवान रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे।
जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर रुद्रनाथ पैदल मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मार्ग में क्षतिग्रस्त स्थलों को चिह्नित करें और ऐसे स्थलों पर प्राथमिकता से मार्ग सुधारीकरण का कार्य किया जाए। रुद्रनाथ पैदल मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पंचगंगा के निकट रैन सेल्टर और यात्रा मार्ग पर साइनबोर्ड लगाए जाए।



जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि रुद्रनाथ में बर्फ पिघलने के बाद रुद्रनाथ पेयजल योजना का अवशेष कार्य तेजी से पूरा करें। प्रमुख स्थानों पर सोलर लाइट की व्यवस्था की जाए। पैदल मार्ग में स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था के लिए ईडीसी का गठन किया जाए। यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक सामान को प्रतिबंधित करने के लिए व्यवस्था बनाई जाए। नेटवर्क कंपनियों के माध्यम से दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ कराया जाए। बैठक में सुरक्षित यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर के पुजारी, हक हकूधारियों एवं ग्राम वासियों के सुझाव भी लिए गए।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, डीएफओ अभिमन्यु, सीओ पुलिस प्रमोद शाह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय, डीडीएमओ एनके जोशी, रूद्रनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी जर्नादन प्रसाद तिवारी, वेद प्रकाश भट्ट आदि मौजूद थे।

# उच्च शिक्षा में सात नवीन योजनाओं से युवा सपनों को लगेंगे पंख

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सरकार युवा सपनों को ऊंची उड़ान देने के लिये सात नई योजना शुरू करेगी। जिसके लिये बजट में 7.64 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन नई योजना के तहत खटीमा में निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना से लेकर विद्यार्थी शैक्षिक भारत दर्शन योजना और शेवनिंग छात्रवृत्ति जैसी योजना शामिल है।
शिक्षा के क्षेत्र में सरकार व्यापक स्तर पर लगातार काम कर रही है। जिसकी झलक बजट में स्पष्ट दिखाई दे रही है। विद्यालयी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ ही सरकार सात नई योजनाओं से युवा सपनों को आकार देगी।



जिसके लिये बजट में 7.64 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया है। जिसमें ऊधमसिंह नगर जनपद के खटीमा में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना के लिये 10 लाख की धनराशि का प्रावधान किया गया है। निःशुल्क कोचिंग सेंटर खुलने क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर मिलेगा और वह अपने लक्ष्यों का आसानी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा बजट में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट शोध प्रकाशन प्रोत्साहन योजना के लिये 10 लाख का प्रावधान किया गया है। इस योजना का मकसद प्रदेश के युवाओं को शोध कार्य के लिये प्रोत्साहित करना है। साथ ही शोधार्थियों के शोध कार्य का लाभ स्थानीय जनता को भी मिल सके।
मुख्यमंत्री शेवनिंग उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत दो करोड़ का प्रावधान किया गया है। शेवनिंग स्कॉलरशिप पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शोध व उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग के आधार पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी इसके लिये बजट में 3.14 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के ठोस क्रियान्वयन के लिये अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की जायेगी, जिसके लिये बजट में रु. दो करोड़ का प्रावधान किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना से प्रदेश में शोध कार्यों को प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके अलावा बजट में उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्द्धन प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ की जायेगी। जिसके लिये 10 लाख का प्रावधान किया गया है।
राज्य के छात्र-छात्राओं के लिये विद्यार्थी शैक्षिक भारत दर्शन योजना शुरू की जायेगी। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं देशभर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर वहां के लोक जीवन, संस्कृति, भाषा, रहन-सहन इत्यादि से परिचित होंगे।
इसके लिये बजट में 20 रुपया का प्रावधान किया गया है। बजट में शामिल इन नई योजनाओं का लाभ प्रदेश के युवाओं को मिले इसके लिये सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं तक की है।उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिये बजट में सात नई योजनाएं शुरू करने का निर्णय लिया है।

# प्रदेश के 07 लाख से अधिक किसानों के खाते में 174.65 करोड़ हस्तांतरित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री ने आज पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी की है। उत्तराखण्ड के 7,36,575 किसानों को 174.65 करोड़ रुपये उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए।
कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसानों की हमेशा चिंता करते रहते हैं। किसानों की आय किस प्रकार से दुगनी हो और कैसे किसानों को फसल का उचित दाम मिले, इसके लिए सरकारें लगातार प्रयासरत रहती हैं। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय दुगनी करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।
गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
जिससे वो अधिक फसल उत्पादन कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकें। पात्र किसानों को सालाना 6000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसे तीन अलग किस्तों में हस्तांतरित किया जाता है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तराखण्ड में 2570.4396 ( दो हजार पांच सौ सत्तर करोड़ तेतालिस लाख छियानवे हजार रुपये) अब तक दिए जा चुके हैं।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने सरकार को घेरा

**बजट सत्र**

**8 बजट सत्र के चौथे दिन विपक्ष ने कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार से तीखे सवाल किए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

बजट सत्र के चौथे दिन विधानसभा में विपक्ष ने कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के तमाम मुद्दों को लेकर सरकार से तीखे सवाल किए। सरकार के मंत्री सवालों और अनुपूरक सवालों का जवाब देने की बजाय जब यह कहते दिखे कि इसका जवाब वह उन्हें बाद में भिजवा देंगे तो विपक्ष ने सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर बाद में ही जवाब लिखवा कर देना है तो फिर सत्र बुलाने की भी क्या जरूरत है।



नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने इस दौरान पत्रकारों से वार्ता में सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उत्तराखंड में माफिया राज स्थापित हो चुका है। सत्ता में बैठे लोगों द्वारा अपराधियों और खनन माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। शासन-प्रशासन और सत्ता में बैठे लोगों की साठ-गांठ से ही सारा खेल चल रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है।

यशपाल ने कहा कि अधिकारी किसी भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। राज्य में खनन माफिया सरकार पर हावी है। भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि हाई कोर्ट द्वारा किसी भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच के आदेश दिए जाएं और सरकार जांच रोकने के लिए याचिका दायर करें। उन्होंने उद्यान घोटाले और सिंचाई घोटाले का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार नही चाहती है कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच हो।

राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों की बात करते हुए कहा कि अंकिता के परिजन न्याय के लिए सालों बाद भी धरने पर बैठे हैं और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। क्यों नहीं मिल रहा है यह बात सभी लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के खाने और दिखाने के दांत अलग-अलग है।लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं न नैनीताल से चुनाव लड़ रहा हूं न अल्मोड़ा से। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा उनके क्षेत्र से बहुत दूर है वहां जिन लोगों ने पहले से ही चुनावी तैयारियां की हुई हैं, उन्हें मौका मिलना चाहिए।

## आरक्षण की मूल भावना में बदलाव नहीं होगा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधानसभा में कहा कि सरकार सीधे तौर पर आरक्षण खत्म करना चाहती है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, आरक्षण की मूल भावना में कोई बदलाव नहीं होगा। किसी को भी इससे नुकसान नहीं होगा। जिस भर्ती का रिजल्ट जारी हो जाएगा, एक माह के भीतर ज्वाइनिंग दी जाएगी। अगर निर्धारित अवधि में ज्वाइन नहीं किया तो उसका अभ्यर्थन निरस्त करते हुए, उसी रिजल्ट के दूसरे अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। गुरुवार को प्रश्नकाल के बाद विधानसभा में नियम 58 के तहत आरक्षण पर चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष का आरोप है कि आरक्षण के विभागों में नियुक्तियां नहीं हो रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने स्वास्थ्य,आबकारी, सिंचाई विभाग सहित कई अन्य विभागों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनमें पदों को आरक्षण के अनुसार नहीं भरा जा रहा है।

# लोकसभा चुनावः एसपी क्राइम, ट्रैफिक ने ली लाइजनिंग अधिकारियों की बैठक

**दिशा-निर्देश**

**8 सभी लाइजनिंग अधिकारियों को वॉट्सएप ग्रुप में जोड़कर समय-समय पर दिशा निर्देश दिए जाएंगे**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

एसपी क्राइम, ट्रैफिक पंकज गैरोला ने आगामी लोकसभा चुनाव निर्वाचन के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, फ्लैग मार्च, निर्वाचन ड्यूटी के लिए बाहरी राज्यों से प्राप्त होने वाले अर्ध सैनिक बल, पीएसी, होमगार्ड आदि की आवासीय व्यवस्था के लिए जनपद स्तर व थाना स्तर पर नियुक्त किए गए लाइजनिंग अधिकारियों की मीटिंग ली। कोतवाली, थाना स्तर पर चिन्हित किए गए आवासीय स्थलों होटल, धर्मशाला, स्कूल, भवन आदि का निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए मानक के अनुसार समय से भौतिक निरीक्षण कर चिन्हित किए गए स्थान पर बिजली पानी आदि की समुचित व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। सभी लाइजनिंग अधिकारियों को वॉट्सएप ग्रुप में जोड़कर समय-समय पर दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने वसूला 43 करोड़ से अधिक जुर्माना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

वर्ष 2023 में उत्तराखंड पुलिस ने 8 लाख 42 हजार वाहन चालान कर-के 43 करोड़ 52 लाख रुपये का जुमार्ना (संयोजन शुल्क) वसूल किया। यह खुलासा सूचना अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी में हुआ है।

सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीमउद्दीन एडवोकेट ने पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी से 2023 में पुलिस द्वारा किये गये वाहन चालानों तथा वसूले गये जुमार्ने (संयोजन शुल्क) की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने अपने पत्र के साथ पुलिस महानिरीक्षक/ निदेशक यातायात उत्तराखंड मुख्तार मोहसिन द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरणों की प्रतियां उपलब्ध करायी है। उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड पुलिस ने 2023 में कुल 8 लाख 42 हजार वाहन चालान किये हैं, जिसमें 1 लाख 14 हजार चालान सी.पी.यू. की 4 जिलों की यूनिटों द्वारा तथा 7 लाख 28 हजार चालान अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये है।

इन चालानों पर पुलिस द्वारा कुल 43 करोड़ 52 लाख का जुमार्ना (संयोजन शुल्क) वसूला गया है। इसमें सी.पी.यू. द्वारा 3 करोड़ 14 लाख तथा अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा 40 करोड़ 38 लाख का संयोजन शुल्क (जुमार्ना) वसूला गया है। सी.पी.यू. द्वारा किये गये चालानों में सर्वाधिक 33 हजार चालान उधमसिंह नगर जिले की यूनिटों द्वारा किये गये है तथा 77 लाख का जुमार्ना वसूला गया है, जबकि दूसरे स्थान पर देहरादून व हरिद्वार जिले की यूनिटों ने 32–32 हजार चालान किये व क्रमशः 87 लाख तथा 80 लाख का जुमार्ना वसूला गया है। नैनीताल जिले की यूनिट द्वारा 17 हजार चालान किये गये तथा 70 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया है।सी.पी.यू. के अतिरिक्त अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये चालानों में सर्वाधिक 2 लाख 6 हजार चालान देहरादून जिले में किये और 15 लाख जुमार्ना वसूला गया। उधमसिंह नगर जिले में 1 लाख 16 हजार चालान और जुमार्ना 6 करोड 25 लाख, उत्तरकाशी जिले में 8 हजार चालान 38 लाख जुमार्ना, टिहरी जिले में 73 हजार चालान, 3 करोड़ 63 लाख का जुमार्ना, चमोली जिले में 16 हजार चालान और 99 लाख जुमार्ना वसूला गया। रुद्रप्रयाग जिले में 11 हजार चालान तथा 57 लाख जुमार्ना, पौड़ी जिले में 45 हजार चालान 2 करोड़ 6 लाख जुमार्ना, हरिद्वार जिले में 90 हजार चालान, 2 करोड़ 98 लाख जुमार्ना, नैनीताल जिले में 81 हजार चालान, 4 करोड़ 58 लाख जुमार्ना, अल्मोड़ा जिले में 25 हजार चालान, 1 करोड़ 50 लाख जुमार्ना, बागेश्वर जिले में 12 हजार चालान, 57 लाख जुमार्ना, पिथौरागढ़ जिले में 27 हजार चालान, 1 करोड़ 8 लाख जुमार्ना और चम्पावत जिले में 18 हजार चालान किये गये और 79 लाख रुपये का शमन शुल्क (जुमार्ना) वसूला गया है।

### तीन तलाक के खिलाफ आवाज उठाने वाली आतिया चेक बाउंस के मामले में बरी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

तीन तलाक के खिलाफ आवाज उठाने वाली आतिया साबरी के विरुद्ध साढे.सात वर्ष से चल रहे चेक बाउंस के मुकदमे में न्यायालय ने दोष मुक्त करार देते हुए बरी कर दिया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव निवासी शरीफ अहमद ने 15 जुलाई वर्ष 2016 को तीन तलाक के खिलाफ आवाज उठाने वाली आतिया साबरी के खिलाफ लक्सर न्यायालय में वाद दायर किया गया था। शरीफ अहमद का आरोप था कि आतिया, साबरी फरीदी विकास समिति के नाम से सुल्तानपुर में एक संस्था को संचालित करती है। करीब दो वर्ष पूर्व आतिया साबरी व उसका भाई रिजवान जो संस्था का अध्यक्ष है। उसके पास आए तथा उससे कहा कि संस्था में यदि वह कुछ रकम लगायेंगे, तो पांच साल बाद उन्हें दोगुनी रकम मिल जाएगी। इस पर भरोसा कर उसने दो बार दो-दो लाख रुपये संस्था में जमा कराए। परंतु कुछ समय बाद उसे पता चला कि उक्त लोग संस्था के नाम पर ठगी का कार्य करते हैं। जिस पर उसने उन्हें दी गई अपनी रकम वापस किए जाने के लिए दबाव बनाया, तो उसे पंजाब नेशनल बैंक का चार लाख का चेक उसे दिया गया। इसका 10 मई 2016 को भुगतान होना था। उसके द्वारा चेक को अपने खाते में जमा कराया गया तो खाते में पैसा ना होने के चलते चेक बाउंस हो गया। उधर, मामले में आरोपित बनाई गयी आतिया साबरी ने अपने अधिवक्ता संजय वर्मा के माध्यम से न्यायालय को बताया कि उसके द्वारा उनसे कोई चेक नहीं लिया गया। बल्कि उसके पति द्वारा उससे तीन तलाक लेने के बाद उसे झूठे मामले में फंसाने के लिए उसका फर्जी खाता खुलवाकर उसके नाम से अपने साथियों अफजल, समीर व शरीफ के माध्यम से तीन चेक खाते में जमा कराए गए।

## पैक्स कंप्यूटरीकरण के लिए 13 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए 13 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत करने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है।

गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार 670 पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा 13 करोड़ 47 लाख 88 हजार 610 रुपये की धनराशि को मंजूरी प्रदान करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रसन्नता प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का आभार प्रकट किया है।

# छात्रों को जीवन में नैतिकता को बनाए रखना बेहद जरूरीः प्रोफेसर सोमदेव

**कार्यशाला**

**8 मुख्य अतिथि प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज ने छात्रों को जीवन में वैदिक दिनचर्या को अपनाने के लिए प्रेरित किया।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

भेषज विज्ञान विभाग में रोगों के उपचार, निदान एवं जांच आदि में प्रयुक्त होने वाली इमेजिंग तकनीकियों के उपयोग पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय में किया गया।

इस अवसर पर डॉ रविकांत शर्मा, रामानंद इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी एंड मैनेजमेंट के प्रबंधक एवं निदेशक डॉ वैभव शर्मा, गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शतांशु एवं भेषज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डीएस मलिक तथा विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आर्य कॉलेज आफ फामेर्सी, बरेली, राजा बलवंत सिंह कॉलेज ऑफ फामेर्सी, आगरा, गुरु नानक इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, देहरादून के छात्र-छात्राओं के साथ साथ अन्य शोधार्थी उपस्थित हुए।

इस दौरान कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शतांशु ने बताया कि प्राचीन काल से ही वैदिक ज्ञान की समझ रखने वाले ऋषि-मुनि अपने अनुभव के आधार पर रोगों की जांच एवं निदान आदि किया करते थे। उस समय आज की तरह उपकरण न होने के बावजूद भी जड़ी बूटियां के द्वारा एवं योग की विभिन्न विधाओं के द्वारा रोगों का उपचार किया जाता था।

उन्होंने बताया कि छात्र जीवन में अनुशासन,लक्ष्य की और एकाग्रता तथा कठिन परिश्रम से ही अपने उद्देश्य की ओर बढ़ा जा सकता है। इसके साथ-साथ छात्रों को जीवन में नैतिकता को बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज ने छात्रों को जीवन में वैदिक दिनचर्या को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रोफेसर मलिक ने बताया कि इमेजिंग टूल्स का उपयोग रोगों में ही नहीं अपितु पर्यावरण की विभिन्न समस्याओं के समाधान इत्यादि में भी किया जाता है। आज के समय में बदलती हुई जीवन शैली एवं खाद्य पदार्थों में विभिन्न रसायन इत्यादि का उपयोग किया जाता है, उनके लिए भी आधुनिक तकनीक उपयोग में लाकर उनकी जांच एवं निदान किया जा सकता है।

कार्यशाला में प्रथम दिन के वक्त डॉ. रविकांत शर्मा ने कहा कि लोगों की जांच एवं उनके उपचार आदि में पैथोलॉजी की जांच का अपना अलग ही महत्व ह। आज ऐसी नई तकनीकी आ गई है जिसके द्वारा पैथोलॉजी की जांच बड़ी आसानी से की जा सकती है, जिसमें रक्त, मल मूत्र इत्यादि की जांच के द्वारा विभिन्न रोगों का बड़ी आसानी से पता लगाया जा सकता है।

# पुलिस ने दबोचे दो वाहन चोर, स्कूटी बरामद

**वाहन चोरी**

**8 वाहन चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए एक आरोतिप के खिलाफ 7 मुकदमें दर्ज हैं।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

कनखल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की एक स्कूटी बरामद की है। पकड़े गए एक आरोतिप के खिलाफ विभिन्न थानों में सात मुकदमें दर्ज हैं।

कनखल पुलिस चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान सतनाम साक्षी घाट से पुलिस ने स्कूटी सवार दो युवकों को रोका। उनके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम रूपेश नेगी उर्फ कार्तिक पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गैंदिखता निकट शहीद मनोज सिंह स्कूल थाना श्यामपुर व प्रह्लाद उर्फ आशु पुत्र भारत ग्राम अड़वारी तहसील लहरपुर थाना सकरन जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश बताए हैं। रूपेश नेगी के खिलाफ कई थानों में सात मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## यूसीसी बिल राष्ट्रपति के अनुमोदन को भेजा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता कानून अन्य राज्यों के लिए मार्गदर्शन का काम कर रहा है। मंत्रिमंडल और सदन से पारित होने के बाद इस बिल को उत्तराखंड के राज्यपाल की ओर से राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजभवन ने इस पर विचार करने के बाद विधायी विभाग को भेजा था। विधायी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। चूंकि यह संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया।

विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद इसे राजभवन भेजा गया। इस पर राष्ट्रपति भवन को फैसला लेना है।

# डा. हरक सिंह की सहयोगी लक्ष्मी राणा से ईडी की लंबी पूछताछ

**वाहन चोरी**

**8 वाहन चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए एक आरोतिप के खिलाफ 7 मुकदमें दर्ज हैं।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

बहुचर्चित पाखरो सफारी घोटाले में गुरुवार आरोपितों में से एक लक्ष्मी राणा से ईडी के अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की, जबकि गुरुवार को डा. हरक सिंह को भी ईडी कार्यालय में पेश होना था, लेकिन वह नहीं आए। बताया जाता है कि उन्होंने राजनीतिक कामों में व्यस्तता का हवाला देकर बाद में आने को कहा है।

ईडी द्वारा डा. हरक सिंह और वन विभाग के कुछ अधिकारियों सहित उनके कुछ सहयोगियों के 16 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें 110 करोड़ की नकदी और कई जमीनों की खरीद फरोख्त के कागजात तथा करोड़ों की ज्वेलरी और विदेशी मुद्रा ईडी ने बरामद की थी। करोड़ों रुपये के घोटाले का यह मामला 2019-20 का है तथा उस समय डा. हरक सिंह भाजपा सरकार में वन मंत्री थे।

गत दिनों ईडी ने वन विभाग के अधिकारी सुशांत पटनायक से पूछताछ की थी। इस छापेमारी में सबसे अधिक रकम उनके ही घर से बरामद हुई थी। छापेमारी की जद में उत्तरकाशी की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा भी आ गई थी, जिन्हें डा. हरक सिंह का करीबी बताया जाता है। उनके ठिकानों से ईडी को 45 लाख रुपए की ज्वेलरी आदि बरामद हुई थी। लक्ष्मी राणा आज सुबह 10 बजे ईडी के कार्यालय पहुंची जहां ईडी के अधिकारियों द्वारा उनके पास से बरामद संपत्ति को लेकर लंबी पूछताछ की गई।

समाचार लिखे जाने तक यह पूछताछ जारी थी।

हरक सिंह जिन्हें ईडी ने समन भेज कर ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उनके द्वारा दिल्ली में राजनीतिक कार्यों में व्यस्तता का हवाला देकर बाद में पेश होने की बात कही गई है। उनका निजी फोन भी बीते दो दिनों से बंद है। वह अब कब ईडी के कार्यालय में पेश होंगे इसकी कोई तारीख तय नहीं है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आंदोलन 11वें दिन भी जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**



आंगनबाड़ी कार्यकताओं को आंदोलन 11वें दिन भी जारी रहा। आंगनड़ी कार्यकताओं का आक्रेश इसलिए भी बढ़ा है कि विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायकों के मानदेय में बढ़ोतरी न करने का बयान पिछले दिनों सदन में दिया था जिसके कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता असंतुष्ट है।

धरना स्थल पर जारी धरना कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं का कहना है कि महालक्ष्मी किट, चिप्स, अंडा, खजूर के लिए करोड़ों का बजट दिया जा रहा है, लेकिन जो उसे धरातल पर उतार रहा है उनके लिए सरकार के पास पैसा नहीं है। आगंनबाड़ी कार्यकताओं की मांग है कि न्यूनतम मजदूरी 600 की जाए और वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर मानदेया बढ़ा दिया जाए। रिटायरमेंट होने पर 5 लाख का प्रावधान दिया जाए। इंटर पास बहनों को 50 वर्ष पूरे होने पर मानदेय बढ़ाया जाए और गोल्डन कार्ड दिया जाए। आंदोलन में रेखा नेगी के अलावा मीनाक्षी रावत, रंजिता, विमला पनेरू, सुनता भट्ट, रामदेव राणा, कस्तूरबा, बसंती रावत, अनिता, विमला कोहली, विजय लक्ष्मी नौटियाल, पिंकी सिंह ,रीतेश चौहान आदि भारी संख्या में उपस्थित थे।

# विधानसभा बजट सत्रः डॉ. धन सिंह ने बताया, को-आपरेटिव में महिला के लिए 33 प्रतिशत मिलेगा आरक्षण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रश्न आए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पुल, ब्रिज,टनल, रोपवे में कोई हादसा होता है तो उन मजदूरों का उपचार अटल आयुष्मान योजना के तहत फ्री में उपचार किया जाएगा।



गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। कांग्रेस के चकराता विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने अल्प सूचित प्रश्न में राज्य में भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने की जानकारी मांगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड शासन की अधिसूचना से उत्तर प्रदेश भिक्षावृत्ति प्रतिषेध अधिनियम 01 जुलाई, 2017 को राज्य में लागू किया गया है। भिक्षुक गृह 200 भिक्षुक को रखने की क्षमता वाला है। पकड़ने के बाद चेतावनी के साथ छोड़ दिया जाता है। विकास नगर भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान के पूछा कि बाहर लोग भिक्षावृत्ति की जानकारी मांगी। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि 2017 में 7060 पकड़े बच्चों में 36303 बच्चों को विभिन्न विद्यालयों में दाखिला कराया गया।

कांग्रेस के हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत के तारांकित प्रश्न सहकारिता विभाग की ओर से संचालित बैंकों और दूसरे संगठनों में नियुक्तियों में अनियमितताओं की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वर्ष 2022 में 24 लोगों की शिकायत मिली और जनपद हरिद्वार की कुल 44 अनियमित नियुक्तियों को निरस्त किया गया है। इस बार को-आपरेटिव में महिला के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण ला रहे हैं। रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने 2022 में की गई शिकायत की जानकारी मांगी। मंत्री ने कहा कि को आपरेटिव में पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया जा रहा है और 350 लोगों को पारदर्शी तरीके से नियुक्ति दी गई है।

कांग्रेस विधायक ममता राकेश के तारांकित प्रश्न में प्रदेश में सीआरसी व बीआरसी के पदों की भर्ती में आरक्षण रोस्टर क्या है? मंत्री धन सिंह ने बताया कि सी.आर.सी. बी.आर.सी. के पदों व पर आउटसोर्सिंग के आधार पर तैनाती से आ सम्बन्धित शासनादेश 25 मई, 2012 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इसी के अनुसार एससी, एसटी और ओबीसी नागरिकों के लिए क्रमशः 19 प्रतिशत, 04 प्रतिशत व 14 प्रतिशत आरक्षण अनुमन्य है। अन्य क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। उक्त पदों पर आउटसोर्सिंग एजेन्सी का चयन कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के 11 अगस्त, 2023 के अनुसार किया जायेगा।

बीआरसी में 285 सीआरसी में 679 सहित कुल 955 पद है। पहली बार यह नियुक्ति इतने बड़े स्तर पर दी गई। राज्य सरकार जनगणना और चुनाव से भारत सरकार के गाइडलाइन के तहत अलग कर रही है। बीआरसी और सीआरसीसी में उत्तराखंड के लोगों को नियुक्ति देंगे। नर्सिंग में भी शतप्रतिशत उत्तराखंड के लोगों को नियुक्ति दी गई है।

ममता राकेश के राज्य के अधीन सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कार्मिकों हेतु गोल्डन कार्ड योजना लागू कर दी गई है और अभी तक कितने सार्वजनिक उपक्रमों के कार्मिकों के लिए यह योजना लागू की गई है ? स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार के अधीन 26 सार्वजनिक उपक्रमों के कार्मिकों के डाटा एंट्री एवं अंशदान की कार्यवाही गतिमान है। जिनमें से सार्वजनिक उपक्रमों के कार्मिकों/ पेंशनर्स के कार्मिकों की डाटा एंट्री का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में राज्य सरकार के 09 सार्वजनिक उपक्रमों को राज्य स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड/एसजीएचएस कार्ड निर्गत किये गये हैं। मंत्री ने बताया कि 4 लाख 87 हजार लगभग कार्मिकों का गोल्डेन कार्ड बना है। इनमें से 1 लाख 15 हजार 98 मरीजों का उपचार हुआ है।

लक्सर बसपा विधायक शहजाद के प्रश्न पर कहा कि 60 कैंसर रोगियों का आयुष्मान में फ्री उपचार कराया है। मंत्री कहा कि जल्द ही एक सूची जारी की जाएगी गोल्डन और आयुष्मान अस्पतालों की सूची जारी की जाएगी।

विक्रम सिंह नेगी के तारांकित प्रश्न जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर में कुछ दिन पूर्व सी.एच.सी. चौण्ड से जिला अस्पताल बौराड़ी को रेफर की गई ग्राम ओनालगांव एवं ग्राम हेरवालगांव की 02 गर्भवती महिलाओं की रास्ते में मृत्यु हो गई?सी.एच.सी. चौण्ड में चिकित्सकों के 10 पद स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष केवल एक चिकित्सक तैनात है?

## संपादकीय

# बसपा सर्वाधिक संकट में

**लोकसभा** चुनाव का शंखनाद होने ही वाला है। सीटों की संख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सभी दल अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में विपक्ष का इंडी गठबंधन बनकर तैयार हो गया है, जिसमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का काफी ना-नुकुर के बाद तालमेल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार है। बसपा अभी तक अकेले ही चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। वह भी तब, जब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है। कहा जा रहा है कि वह अपने सभी 10 सांसदों के टिकट काटने जा रही हैं। ऐसे में टिकट कटने के भय व अपनी राजनीति को सुधारने की दृष्टि से कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में हैं। कुछ ने को पाला बदल भी लिया है। त्रिकोणीय संघर्ष में मायावती के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को सपा- रालोद गठबंधन के साथ लड़ने के कारण 10 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गए हैं। बसपा सांसद एक के बाद एक मायावती का साथ छोड़कर जा रहे हैं। अभी तक बसपा के जो सांसद पाला बदल चुके हैं उनमें जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी सपा में जा चुके है जबकि बसपा का एक और चर्चित मुस्लिम चेहरा दानिश अली कांग्रेस में जा चुके हैं तथा एक और सांसद श्याम सिंह पहले यह भारतीय जनता पार्टी के साथ संपर्क में थे, किंतु टिकट पक्का न हो पाने के कारण कांग्रेस में चले गए हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है उसके एकमात्र ब्राहण सांसद रितेश पाण्डेय ने जो अब भारतीय जतना पार्टी का दामन थाम चुके हैं।

बसपा सांसद रितेश पाण्डेय उन सांसदों के समूह में भी शामिल थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान भोज पर बुलाया था।अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बसपा से इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गए। रितेश पाण्डेय ने 2019 के लोकसभा चुनाव में योगी सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया था। 2009 से 20414 तक इनके पिता राकेश पाण्डेय भी बसपा के सांसद रह चुके हैं और इस परिवार का क्षेत्र में काफी गहरा प्रभाव माना जाता है। रितेश पाण्डेय बसपा के सबसे पढ़े लिखे सांसद थे। उन्होंने 2005 में लंदन के यूरोपियन बिजनेस स्कूल से इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। रितेश ने ब्रितानी युवती कैथरीना से प्रेम विवाह कर अपना घर बसाया है। सांसद बनने के बाद मायावती ने 2020 में लोकसभा में दल का नेता भी बनाया था। इसके बावजूद उनका कहना है कि बसपा में उनकी उपेक्षा की जा रही थी। जिस प्रकार मायावती ने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया उसके कारण उनकी बची-खुची लोकप्रियता का किला भी ध्वस्त हो गया। कहा जा रहा है कि बसपा की एक और सांसद संगीता आजाद कभी भी पाला बदल सकती हैं। यही हाल बसपा के मुस्लिम सांसद गुड्डू जमाली का बताया जा रहा है। बसपा को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2007 में 30 प्रतिशत मत मिले थे जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र 12 प्रतिशत मत मिले।केवल एक विधायक ही विधानसभा में पहुंच सका। मायावती के राज में घोटालों की बाढ़ से सब परिचित हैं। उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति भी जगजाहिर है।

# मोदी की गारंटी के आगे बैलट से चुनाव कराने में झिझक कैसी

नवीन गौतम

> "तमाम तरह के भ्रम दूर हो सके।
> वैसे, जहां तक एऽ को लेकर विपक्ष के आरोप की बात है खासकर कांग्रेस के आरोप की तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान को लेकर कांग्रेस के नेताओं को ईमानदारी के साथ पराजय का चिंतन और मंथन करना चाहिए। दिल्ली में बैठकर जो नेता छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत का सपना संजोए हुए थे, उन्होंने छत्तीसगढ़ में जाकर वास्तविक धरातल को समझने की जरूरत ही नहीं समझी। उनकी आंखों पर चढ़े ओवरकॉन्फिडेंस के चश्मे ने उन्हें हकीकत नहीं देखने दी। कांग्रेस आलाकमान को छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार की अनेक लोकप्रिय योजनाएं भले ही दिखाई दे रही हों लेकिन दो मुद्दे यहां कांग्रेस की पराजय का कारण बने"

**पांच** राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद से ही एक बार फिर एश्ट (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) विपक्ष के निशाने पर आई है तो भारतीय जनता पार्टी हमेशा की तरह विपक्ष के आरोपों को नकार रही है। बुरी तरह से शिकस्त खाई कांग्रेस वही पुराने अंदाज में पुराने राग अलाप रही है तो भाजपा लगातार दावा कर रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के चलते तीन राज्यों में भाजपा को शानदार सफलता मिली है और तेलंगाना में भी भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के कारण तेजी से आगे बढ़ी है। भाजपा के तमाम नेता दावा कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और गारंटी के आगे विपक्ष पूरी तरह से पस्त हो गया है, जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। अब सवाल उठता है कि जब मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रिय हैं तो फिर डर काहे का । एश्ट के बजाय बैलट पेपर से चुनाव कराने में झिझक कैसी। इसके विपरीत बैलट पेपर से चुनाव करा प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को साबित कर विपक्ष के मुंह पर हमेशा-हमेशा के लिए इस मुद्दे पर ताला लगाया जा सकता है। भाजपा को चाहिए कि वह इस मामले में खुद ही पहल करे और एऽ के बजाय बेलट पेपर से चुनाव चुनाव कराए, इससे भाजपा और प्रधानमंत्री की लोकप्रियता शायद और बढ़ जाए। भाजपा द्वारा ईवीएम से चुनाव से इंकार जनता के मन में शक पैदा करता है। इसको दूर करने का अवसर भी भाजपा और भाजपा शासित केंद्र सरकार के पास है। वह पहले बैलट पेपर से चुनाव करा दे अन्यथा जनता के मन में शक और संदेह की परत और गहराती जाएगी। बैलट पेपर से चुनाव कराने पर कागज की बबार्दी और मतगणना में समय की बबार्दी का तर्क भी जनता के गले नहीं उतर रहा है। कई देशों में तो बैलट पेपर से चुनाव होते हैं और मतगणना कई कई दिन तक चलती है। तकनीकी विशेषज्ञ मानते हैं कि एऽ से छेड़छाड़ कोई बड़ी बात नहीं है, सब आसानी से हो सकती है । जब इंसान धरती से बैठ चंद्रमा पर चंद्रयान भेज सकता है । भगवान की बनाई हुई चीजों पर इंसान कंट्रोल करने का दावा करता है तो इंसान के द्वारा बनाई गई चीज तो



इंसान द्वारा आसानी से कंट्रोल की जा सकती हैं। जहां तक एऽ की बात है तो इसे भी कंट्रोल आसानी से किया जा सकता है जो इंसान ने बनाई है। हो सकता है भाजपा नेताओं की नजर में यह तर्क केवल कुतर्क ही लगे और यह मन भी लिया जाए कि यह कुतर्क है तो फिर बैलट पेपर से चुनाव कराने में संशय क्यों।

लोगों के मन में शक और संशय तब और गहराने लगता है जब दुनिया के कई देशों ने ईवीएम से चुनाव कराने की पद्धति को रिजेक्ट कर फिर से बैलट पेपर का रास्ता अख्तियार किया तो फिर हिंदुस्तान में बैलट पेपर से चुनाव फिर से क्यों नहीं हो सकता। भाजपा को एक बार हिम्मत दिखानी चाहिए बैलट पेपर से चुनाव की, जिससे तमाम तरह के भ्रम दूर हो सके।

वैसे, जहां तक एऽ को लेकर विपक्ष के आरोप की बात है खासकर कांग्रेस के आरोप की तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान को लेकर कांग्रेस के नेताओं को ईमानदारी के साथ पराजय का चिंतन और मंथन करना चाहिए। दिल्ली में बैठकर जो नेता छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत का सपना संजोए हुए थे, उन्होंने छत्तीसगढ़ में जाकर वास्तविक धरातल को समझने की जरूरत ही नहीं समझी। उनकी आंखों पर चढ़े ओवरकॉन्फिडेंस के चश्मे ने उन्हें हकीकत नहीं देखने दी। कांग्रेस आलाकमान को छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार की अनेक लोकप्रिय योजनाएं भले ही दिखाई दे रही हों लेकिन दो मुद्दे यहां कांग्रेस की पराजय का कारण बने।

पहला मुद्दा, आदिवासी क्षेत्र में वहां के लोगों की सहमति के बिना केवल डिसकस के आधार पर ली जा रही जमीन ने कांग्रेस की जमीन खिसकाने में अहम रोल अदा किया। इसे कांग्रेस के लोग समझ कर भी गंभीरता के साथ नहीं समझ पाए। दूसरा मुद्दा था धर्मांतरण का यहां मिशनरी बड़ी तेजी से काम कर रही थी जिसे भी कांग्रेस ने गंभीरता के साथ नहीं लिया। ऐसा भी नहीं है कि बीजेपी इन दोनों मुद्दों को लेकर चुनाव से 3 महीने पहले तक भी कोई आक्रामक थी, खुद बीजेपी छत्तीसगढ़ चुनाव को हारा हुआ मानकर चल रही थी लेकिन चुनाव से कुछ दिन पहले आरएसएस के स्वयंसेवकों ने चुनावी मैदान में उतर मतदाताओं की नब्ज टटोली तो इन दोनों मुद्दों को पूरी तरह से बघेल सरकार के खिलाफ अंडर करंट बना दिया जिसे चुनाव तक कांग्रेस के नेता भी नहीं समझ पाए।

कुछ ऐसे ही स्थिति मध्यप्रदेश में कांग्रेस के स्वयंभू बड़े नेताओं की थी जो मजबूत चुनावी रणनीति बनाने के बजाय तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी को देख रहे थे जो चुनाव नतीजे ने साफ कर दी की एंटी इनकंबेंसी नहीं थी। कांग्रेस के नेता विपक्ष में होने के बावजूद खुद को बहुत बड़ा नेता मान बैठे थे और जनता के बीच जाने की वह जहमत तक उठाने को तैयार नहीं थे। दूसरी तरफ सत्ता में रहने के बावजूद शिवराज सिंह चौहान लगातार जनता के बीच सक्रिय थे।

राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कथित समझौता भले ही आला कमान ने कर दिया हो लेकिन ना दोनों के दिल मिले ना मन मिले। नतीजा गहलोत सरकार की अनेक लोकप्रिय योजनाओं के बावजूद सत्ता हाथ से गई।

एश्ट को कोसने वाले कांग्रेस के नेताओं को यह भी चिंतन मनन करना होगा कि केवल बयान बाजी से बैलट पेपर से तो चुनाव होने से रहे। क्या कांग्रेस के नेताओं में इतनी हिम्मत है कि वह देश भर में इसको लेकर आंदोलन खड़ा कर सकें ? क्या अदालत के माध्यम से सरकार पर दबाव बना सकें ? कांग्रेस सहित विपक्ष में यह हिम्मत है कि वह एश्ट से होने वाले चुनाव का बहिष्कार कर सके ? हकीकत तो यही है कि कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के नेता खुद आज इस मसले पर भ्रमित और विभाजित है। अधिकांश नेता जब यह मानते हैं कि महंगाई , बेरोजगारी जैसे तमाम मुद्दे उठा लें। चाहे संसद को कितना भी बाधित करन लें लेकिन आएगा तो मोदी। इसका दोष फिर ईवीएम पर मढ देते हैं।

अब लोकसभा चुनाव के लिए जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेता अबकी बार 400 पार का नारा पूरे आत्मविश्वास के साथ दे रहे हैं उससे निश्चित तौर पर विपक्ष का आत्मविश्वास डगमगा रहा है। उसका संशय फिर ईवीएम पर जाकर टिक जा रहा है। जब एऽ को लेकर विपक्ष के मन में पूरी तरह से संशय है तो फिर इंडिया गठबंधन अपनी रणनीति में बदलाव क्यों नहीं करता ? राजनीतिक विशेषज्ञ स्पष्ट तौर पर कहते हैं जनहित के तमाम मुद्दे को इंडिया गठबंधन उठाए लेकिन एऽ के मुद्दे को टॉप पर रखते हुए सड़कों और अदालत में लेकर जाए तभी वह भाजपा के खिलाफ जंग लड़ सकता है अन्यथा भाजपा के खिलाफ औपचारिकता निभाने की हिम्मत भी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन में ना बचे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## कविता

### केंद्रबिंदु

ऊंचे आसमान पर आज
नारी
सफलतापूर्वक उड़ रही हैं,
लोकतंत्र के हर मजबूत
स्तंभ से जुड़ रही है,
बेटियां विज्ञान और
वैज्ञानिकता की
बातें कर रही हैं,
दामन थाम चुकी है,
तो बताइए किसके कारण?
मजबूत प्रशासनिक
व्यवस्था दे रही हैं,
कानून की रखवाली कर
रही हैं,
उनकी सख्ती से व्यवस्थाएं
सुधर रही है,
बेटियों को ही नहीं सबको
न्याय दिलवा पा रही हैं
तो बताइए किसके कारण?
वतन के सर्वोच्च पद को
सुशोभित कर रही हैं,
पाखंडों से हट शिक्षा से
सुधर रही हैं,
निःस्वार्थ बेटे बेटियों को
पढ़ा रही हैं,
पूरी पीढ़ी को आगे ले जा
रही हैं,
संगीत के सुर महका रही
हैं,
मधुर गीत गा रही हैं,
तो बताइए किसके
कारण?
आज बेटियां बल्ले घुमा
रही हैं,
डॉक्टर बन जिंदगियां बचा
रही हैं,
अंतरिक्ष से शोधकर आ
रही हैं,
शिक्षा की अलख जगा
रही हैं,
तमाम कार्यों को करने के
बाद भी
रोटियों पर बेलन चला
पूरे परिवार की क्षुधा मिटा
रही हैं,
तो बताइए किसके
कारण?
माता सावित्री बाई फुले है
सबका केंद्रबिंदु,
सतलज, गंगा,
यमुना,गोदावरी या हो
सिंधु,
इस अकाट्य सत्य को
भुला नहीं सकते,
किसी कल्पना को श्रेय
दिला नहीं सकते

राजेन्द्र
---------

# राहुल की यात्रा : आगे पाट, पीछे सपाट

**आशीष वशिष्ठ**

**राहुल गांधी इन** दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है।

कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया।

## विचार

# एमपी में निमाड़ मालवा की एसटी सीटों पर रोचक मुकाबले के आसार

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**देश** में सत्रहवीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। 18 वीं लोकसभा के गठन को लेकर अब कभी भी चुनाव आयोग तारीखों की घोषणा कर सकता है। राजनैतिक दलों ने भी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपनी रणनीतियों को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है। इसी तारतम्य में 11 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी बाहुल्य झाबुआ क्षेत्र का दौरा किया। झाबुआ से प्रधानमंत्री ने रतलाम, धार और खरगोन लोकसभा क्षेत्र के आदिवासी समुदाय को रिझाने का प्रयास किया। उन्होंने 7550 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जनजातीय सम्मेलन में आदिवासी संस्कृति के प्रतीकों और नायकों का जिक्र किया आदिवासी संस्कृति से जुड़े पर्व भगोरिया की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। अब राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा भी आदिवासी बाहुल्य रतलाम और धार लोकसभा को कवर करतें हुए आगे बढ़ेगी। कांग्रेस को भी निमाड़ मालवा की इन तीन अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटों से बहुत आशाएं हैं। चुनाव के निकट आते ही दोनो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपाझकांग्रेस इन सीटों को अपने पक्ष में करने हेतु अधिक प्रयास में जुटेंगे। एमपी की इन आदिवासी सीटों पर भाजपाझकांग्रेस की पैनी नजर है। एमपी में अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटों में बैतूल, धार, खरगोन, मंडला, रतलाम और शहडोल शामिल है। इनमें निमाड़ मालवा क्षेत्र की तीन अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आरक्षित सीटों में खरगोन, रतलाम और धार लोकसभा भौगोलिक रूप से एक दूसरे से सटी हुई लोकसभाएं है। इन तीन लोकसभा सीटों में बारेला, भिलाला, भील समुदाय की बहुतायत है। यह समुदाय खेती और श्रम पर निर्भर है। इन तीनो लोकसभा क्षेत्रों में पलायन एक बड़ी समस्या बन चुकी है। बड़ी संख्या में श्रमिक मजदूरी की तलाश में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान सहित अन्यत्र राज्यो में जातें है। पलायन का यह सिलसिला बरसो से जारी है। इन तीनो लोकसभा क्षेत्रों में ग्रामीण समुदाय का पलायन रोक पाने में प्रदेश और केंद्र सरकार अब तक असफल साबित हुई है। पलायन यहां बड़ा चुनावी मुद्दा है,जो युवा मतदाताओं को आंदोलित भी करता है। भौगोलिक रूप से एक दूसरे से सटी इन तीनो लोकसभा क्षेत्रों की दूसरी बड़ी समानता मां नर्मदा की कलकल बहती धाराएं है। जो खरगोन बड़वानी धार अलीराजपुर जिले से गुजरती हुए गुजरात में प्रवेश करती है। मां नर्मदा की कलकल बहती धाराओं ने इस क्षेत्र की भूमि को सिंचित भी किया है। नर्मदा किनारे स्थित खेत खलिहान हरे भरे दिखाई भी देते है। नर्मदा किनारे बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी विकसित हुए जो क्षेत्र की उन्नति का कारक भी बनी है। मां नर्मदा की यह धाराएं क्षेत्र में उन्नति का प्रतीक जरूर बनी किंतु प्रकृति के विरुद्ध जाकर मां नर्मदा की प्रबल धाराओं को रोकने के लिए बने सरदार सरोवर बांध से बड़वानी, धार, अलीराजपुर के अनेकों गांवो डूब गए, अनेकों प्रभावित भी हुए। कई अब भी समस्याग्रस्त हैं। चिंतित है और आक्रोशित भी है। सरदार सरोवर बांध को लेकर सबके अलगझअलग विचार है। कुछ सरदार सरोवर बांध को समृद्धि का प्रतीक बताते है, तो कुछ प्रकृति के खिलाफ जाकर प्राकृतिक आपदाओं को आमंत्रित करने की मानवीय भूल निरूपित करते है। खैर सरदार सरोवर ने गुजरात के किसानों का जीवन जरूर बदल दिया है। उन्हें उन्नत खेती की ओर प्रोत्साहित किया। दूसरी ओर इन तीन लोकसभाओं के डूब प्रभावित अनेकों गांवो के परिवारों के हंसतेझखेलते जीवन में पुनर्वास संबंधी परेशानी का कारण भी बना है। नर्मदा बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता ग्राम छोटी कसरावद निवासी राहुल यादव ने बताया अनेकों परिवार अब भी घर के लिए प्लाट और राशि से वंचित है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने घर के लिए प्लाट और 5 लाख 80 हजार रु देने की घोषणा की थी।सुप्रीम कोर्ट के 5 एकड़ भूमि के बदले 60 लाख रु मुआवजा देने के आदेश से भी अनेकों डूब प्रभावित अब तक वंचित है। इनका आक्रोश अब भी सरकार के विरुद्ध सुनाई दिखाई देता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की छाया

**रोहित माहेश्वरी**

**हालिया** राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश, हिमाचल, कर्नाटक आदि राज्यों में विधायकों ने खुल कर ह्यक्रॉस वोटिंगह्न की। बयान दिए जाते रहे कि उन्होंने ह्यअंतरात्माह्न की आवाज पर, जिसे योग्य समझा, उसके पक्ष में वोट किया। दरअसल इसके साथ दलबदल की समस्या भी जुड़ी है। उसे रोकने पर भी कानून है, लेकिन क्रॉस वोटिंग के साथ-साथ विधायकों के दलबदल भी सामने आए हैं। उनके खिलाफ संसदीय अथवा विधानसभा के स्तर पर कार्रवाई बहुत लंबी चलती है, देरी भी होती है या आगामी चुनाव का समय भी करीब आ जाता है। फिर कानून के फायदे क्या हैं?

उत्तर प्रदेश, हिमाचल और कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव के जो परिणाम आए उनमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को झटका लगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के आधा दर्जन विधायकों ने भाजपा के आठवें प्रत्याशी को मत देकर अपने एक प्रत्याशी को हरवा दिया। इसी तरह हिमाचल में कांग्रेस के 6 विधायकों द्वारा भाजपा प्रत्याशी को मत देने से अभिषेक मनु सिंघवी हार गए। यदि तीन निर्दलीय ही साथ देते तो कांग्रेस उम्मीदवार जीत जाता। लेकिन पार्टी का नेतृत्व सिर पर मंडराते खतरे को भांप नहीं सका। उत्तर प्रदेश में भी सपा विधायकों द्वारा बगावत की आशंका थी। वैसे बगावत कर्नाटक में भी हुई जहां भाजपा विधायक ने कांग्रेस प्रत्याशी को मत देकर सबको चौंका दिया। लेकिन उत्तर प्रदेश में सपा और हिमाचल में कांग्रेस का प्रत्याशी चूंकि हार गया इसलिए भाजपा पर विधायकों को लालच और भय दिखाकर तोड़ने का आरोप लगाया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इसमें सपा और कांग्रेस के नेतृत्व की विफलता देख रहे हैं जिसने सामने खड़े खतरे को नजरंदाज किया। उत्तर प्रदेष में जया बच्चन को उम्मीदवार बनाए जाते ही सपा में बगावत के सुर उठने लगे थे जिन्हें अखिलेश यादव ने अनसुना कर दिया। इसी तरह हिमाचल में कांग्रेस को बगावत की आशंका थी इसीलिए सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का फैसला लिया गया। कुछ मंत्री और विधायक खुलकर मुख्यमंत्री के विरुद्ध थे। राम मंदिर के शुभारंभ पर विक्रमादित्य सिंह नामक मंत्री पार्टी लाइन से अलग हटकर अयोध्या भी गए। उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन षाम होते-होते उन्होंने अपना इस्तीफा वापिस ले लिया।

# हमारा सांसद कैसा हो ?

**हम** सभी इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है, और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं निष्पक्ष चुनाव, जिसके लिए भारत दुनिया भर में प्रसिद्ध है।आगामी जून माह से पहले लोकसभा के लिए सांसद को हर संसदीय क्षेत्र से चुना जाना है।बहुत जल्दी ही चुनाव आयोग चुनाव की तारीखें घोषित करेगा।हमारा सांसद किस नीति, विचारधारा, विजन के साथ किस पार्टी या निर्दलीय का होगा यह मतदाताओं की पसंद पर निर्भर है । अतः मतदाताओं का मतदान में भाग लेना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।किन्तु मेरे मत के अनुसार मतदाता को चाहिए वह ऐसे सांसद का चयन करें जो संसदीय क्षेत्र से हो, वहां की समस्याओं से परिचित हो , संसदीय क्षेत्र के लोगों की आवाज बनने को तैयार हो, उनकी समस्याओं को हल करने में सक्षम हो, संसदीय क्षेत्र, राज्य तथा देश का विकास करने के लिए समर्पित हो और देश को आगे ले जाने के लिए संकल्पित हो। यदि सांसद पढ़ा- लिखा, ईमानदार हो, भ्रष्टाचार तथा अपराध मुक्त हो,देश भक्त और जन हितेषी हो तथा उनके सुख-दुख में शामिल होने वाला हों तो 'सोने में सुहागा 'है। समर्थ, योग्य, विचारवान सांसद इस लिए भी आवश्यक है क्योंकि उसे केन्द्र सरकार के विकासवादी और गरीब- हितैषी कार्यों में, कानूनी राज्य की स्थापना में तथा नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है । अतः ऐसा कहा जा सकता है कि यदि चुनें हुए प्रतिनिधि/सांसद राष्ट्रवादी, विकासवादी ,प्रगतिशील , सुधारवादी, समभाव रखने वाली विचार धारा के होंगे, तो विकास की रफ्तार निश्चित रूप से तेज होने की संभावना है। हमारा देश अभी अर्थव्यवस्था में विश्व में पांचवें स्थान पर है तथा तीसरे स्थान पर आने के लिए संकल्पित नजर आ रहा है तथा विकसित राष्ट्र तथा आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को सामने रख कर काम कर रहा है। अभी भी भारत प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर कई समास्याओं से जूझ रहा है, कुछ समस्याओं का निराकरण पिछले कुछ वर्षों में हुआ है, कुछ समस्याओं का निराकरण होना शेष हैं । समस्याएं कैसी भी हो अथार्त छोटी हों या बड़ी हों उनका समय पर निराकरण न होना जटिलताओं को जन्म देता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 01 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जल्द ही तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपी : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में एक बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

## कासगंज में पास्को एक्ट के दोषियों को दो-दो साल की सजा

**कासगंज: सदर** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में साल 2017 में शौच को खेत पर गई किशोरी के साथ गांव के ही दो आरोपितों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने गुरुवार को अपना निर्णय सुनाया है। दोनों दोषियों को दो-दो साल की सजा और साथ-साथ हजार रुपए अर्थदंड दिए जाने के निर्देश दिए। अर्थदंड अदा ना करने की स्थिति में अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के निवासी पीड़ित ने 16 फरवरी 2017 को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि एक दिन पहले 15 फरवरी 2017 को उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेत पर शौच के लिए देर शाम गई थी। तभी गांव के ही निवासी देशराज और सुनील ने उसे खेत में दबोच लिया। छेड़छाड़ की, कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर चाकुओं से किशोरी के चेहरे और गर्दन पर हमला किया। पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल की दोनों ही दोषियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। गवाह हुए साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। अधिवक्ताओं के बीच बहस भी हुई। इसके बाद गुरुवार को विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट आदित्य चतुर्वेदी ने अपना निर्णय सुनाया। दोनों ही आरोपितों को दोषी ठहराते हुए इन्हें दो-दो साल की सजा और अर्थ दंड के रूप में सात-सात हजार रुपए अदा करने के निर्देश दिए। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार दरक ने बताया कि जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में दोषियों को अतिरिक्त सजा के न्यायालय ने निर्देश दिए हैं।

# 'टेक्सटाइल सेक्टर में हो रहा भारत का इंतजार'

## नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' में शामिल हुए सीएम

बाजार

8 टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है। भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट यूपी के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया।

**यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में मिला है भागीदार होने का अवसर:** मुख्यमंत्री योगी ने 'भारत टेक्स 2024' के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। सीएम ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में भारत मंडपम और यशोभूमि में इस इंटरनेशनल इवेंट के जरिए टेक्सटाइल के क्षेत्र में अतीत, भविष्य और वर्तमान की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रधानमंत्री मोदी की सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पिछले 4 दिन से आयोजित इस प्रदर्शनी में देश और दुनिया से ढेर सारे लोगों ने सहभागिता की है। उन्होंने कहा कि भारत में एग्रीकल्चर के बाद रोजगार, डेवलपमेंट और टेक्नोजॉजी के क्षेत्र में टेक्साटाइल का क्षेत्र अनंत संभावनाओं वाला है।

**उत्तर प्रदेश के उत्पादों की विशेष सराहना:** सीएम योगी ने बताया कि 'भारत टेक्स 2024' में उत्तर प्रदेश के 20 एग्जिबिटर्स यशोभूमि में और 46 एग्जिबिटर्स भारत मंडप में अपने हुनर की प्रदर्शनी के साथ शामिल हुए हैं। यहां हस्तशिल्प, कालीन और अन्य हथकरघा उत्पादों को कारीगरों ने देश-दुनिया के बायर्स के सामने प्रस्तुत किया है। सभी ने उत्तर प्रदेश के उत्पादों की विशेष सराहना की है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश में 7 स्थानों पर पीएम मित्रा पार्क योजना शुरू की गई है, इसके अंतर्गत यूपी के लखनऊ-हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित होने जा रहा है।

### रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण माध्यम हैं शिल्प

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है। ये सभी शिल्प रोजगार सृजन के बहुत महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

## अवनीश अवस्थी को मिला सलाहकार पद पर एक साल का सेवा विस्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी को एक मौका और दिया गया। अवनीश अवस्थी के सलाहकार पद पर कार्यकाल 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ाया गया है। 29 फरवरी 2024 को श्री अवस्थी अपने कार्य अवधि को पूरा कर रहे थे, उनके अच्छे कार्यों को देखते हुए पुनः सलाहकार के रुप में उन्हें सेवा विस्तार दिया गया है। मुख्यमंत्री के सलाहकार के रुप में अवनीश अवस्थी का नाम उत्तर प्रदेश की मीडिया में खासा लोकप्रिय रहा है।

विस्तार

8 मुख्यमंत्री के सलाहकार बनने तक अवनीश अपने अच्छे व्यवहार के नाते मीडिया जगत में छाये रहते हैं

सूचना विभाग के प्रमुख सचिव से मुख्यमंत्री के सलाहकार बनने तक अवनीश अवस्थी अपने अच्छे व्यवहार के नाते मीडिया जगत में छाये रहते हैं। उनके पूर्व में किये गये कार्यों को अक्सर सार्वजनिक मंच पर याद किया जाता है।

## माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को सीएम देंगे 25 करोड़ रुपये का उपहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार (3 मार्च) को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास के ये कार्य राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में रविवार पूर्वाह्न प्रस्तावित स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण समारोह के मंच से होंगे। इस समारोह में तीन हजार छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन तथा डेढ़ हजार को टैबलेट वितरित किया जाएगा। सीएम योगी कुछ विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्मार्टफोन व टैबलेट प्रदान करेंगे। सीएम योगी की मौजूदगी में अभी 28 जनवरी को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार युवाओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया था। राज्य सरकार की इस योजना के अंतर्गत गोरखपुर में योजना के प्रारम्भ वर्ष 2021-22 से अब तक करीब अस्सी हजार छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए जा चुके हैं। 12 करोड़ 5 लाख 52 हजार रुपये तथा 5 अशासकीय सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों 5 करोड़ 29 लाख 20 हजार रुपये से (कुल 26 विद्यालयों में 17 करोड़ 34 लाख 72 हजार रुपये) होने वाले जीर्णोद्धार कार्यों व अवस्थापना सुविधाओं का शिलान्यास करेंगे।

अलंकार

8 प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे

## फूलों से सुसज्जित वाहन करेंगे वसंतोत्सव महोत्सव का प्रचार-प्रसार

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** राजभवन देहरादून में एक मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 के प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाई। फूलों से सुसज्जित दो वाहन पूरे देहरादून शहर में वसंतोत्सव महोत्सव का बृहद प्रचार-प्रसार करेंगे। पहला प्रचार वाहन देहरादून से सेलाकुई और दूसरा देहरादून से डोईवाला सहित पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर पुष्प-प्रदर्शनी के लिए लोगों को जानकारी देगा।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कस्टम विभाग को प्राचीन कलाकृतियां सौंपती हुईं।

## किसान आंदोलन: मारे गए किसान का आठवें दिन हुआ पोस्टमार्टम



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** किसान आंदोलन के दौरान मारे गए शुभकरण की हत्या मामले में पुलिस ने बुधवार देररात एफआईआर दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है। युवक का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। इसी बीच पुलिस मुख्यालय के आईजी ने शुभकरण के परिजनों को पंजाब सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार की एक लड़की को पुलिस में कांस्टेबल की नौकरी देने का ऐलान किया है।

दरअसल, किसान आंदोलन के दौरान 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की कार्रवाई के दौरान किसान शुभकरण की मौत हो गई थी। परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार की लडकी को पुलिस में कांस्टेबल की नौकरी देने का ऐलान किया है। शुभकरण की मौत के बाद से किसान संगठन लगातार रिपोर्ट दर्ज कराने और उसके परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग पर अड़े हुए थे। इसी वजह से शव का पोस्टमार्टम भी नही हो पा रहा था। आखिरकार पंजाब सरकार को किसानों की मांग के आगे झुकना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने बुधवार की देररात पटियाला जिले के पुलिस थाना पातड़ां में आईपीसी की धारा 302 और 114 के तहत केस दर्ज किया है। अभी केस में किसी को नामजद नहीं किया गया है।

एफआईआर

8 परिजनों को एक करोड़ व नौकरी देगी पंजाब सरकार, किसान शुभकरण का आज होगा अंतिम संस्कार

## महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की सूचना से मचा हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदा:** जबलपुर से चलकर हजरत निजामुद्दीन दिल्ली जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस में बुधवार की रात आग लगने की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। ट्रेन के बांदा पहुंचने के पहले ही बांदा पुलिस जीआरपी और आरपीएफ के जवान सतर्क होकर रेलवे प्लेटफार्म पर पहुंच गए थे। ट्रेन के पहुंचते ही पुलिस बल उस बोगी पर पहुंचा जहां आग लगने की सूचना थी। ट्रेन में मौजूद स्कॉर्ट द्वारा जानकारी देने पर पुलिस व जीआरपी ने राहत की सांस ली। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार कि बीती रात जबलपुर से दिल्ली जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस जब अतर्रा रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी तभी किसी यात्री द्वारा कंट्रोल रूम को ट्रेन में आग लगने की सूचना दी गई थी। इस सूचना पर बांदा पुलिस जीआरपी और आरपीएफ के जवान आग बुझाने की तैयारी के साथ प्लेटफार्म पर पहुंच गए थे। जब ट्रेन बांदा प्लेटफार्म पर आई तब वास्तविकता पता लगने पर सभी ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम की सूचना मिलने पर ट्रेन में चल रहे स्कॉर्ट ने उस बोगी में पहुंचकर जानकारी हासिल की। जिस आग लगी लगने की सूचना थी। जीआरपी थाना प्रभारी के मुताबिक ट्रेन की बोगी में रेलवे द्वारा आग बुझाने के लिए एक सिलेंडर रखा जाता है।

## कांग्रेस ममता सरकार का बचाव करने पर शर्म महसूस करे : भाजपा

**रायपुर:** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक रंजना साहू ने प. बंगाल के संदेशखाली में जनजाति समाज की महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म और अनाचार के संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे गए पत्र को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर तीखा हमला बोला है।

## नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने विधानसभा में सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** बजट सत्र के चौथे दिन विधानसभा में विपक्ष ने कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के तमाम मुद्दों को लेकर सरकार से तीखे सवाल किए। सरकार के मंत्री सवालों और अनुपूरक सवालों का जवाब देने की बजाय जब यह कहते दिखे कि इसका जवाब वह उन्हें बाद में भिजवा देंगे तो विपक्ष ने सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर बाद में ही जवाब लिखवा कर देना है तो फिर सत्र बुलाने की भी क्या जरूरत है। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने इस दौरान पत्रकारों से वार्ता में सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उत्तराखंड में माफिया राज स्थापित हो चुका है। सत्ता में बैठे लोगों द्वारा अपराधियों और खनन माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। शासन-प्रशासन और सत्ता में बैठे लोगों की साठ-गांठ से ही सारा खेल चल रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। यशपाल ने कहा कि अधिकारी किसी भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। राज्य में खनन माफिया सरकार पर हावी है।

## सीएम मान ने किया लिवर एंड बिलियरी साइंसेज का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राज्य के लोगों को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को साहिबजादा अजीत सिंह नगर में पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज लोगों को समर्पित किया। इस संस्थान की स्थापना की घोषणा 2022 के बजट सैशन में की गई थी और यह पंजाब का पहला सरकारी स्वास्थ्य संस्थान होगा जो मरीजों को एंडोस्कोपी, फाइब्रोस्कोपी और एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। इस संगठन के विशेषज्ञ पंजाब



के सभी सरकारी अस्पतालों में टेली-मैडीसन सेवाएं भी प्रदान करेंगे। हेपेटोलॉजी में प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस किया गया है।

इस इंस्टीट्यूट की स्थापना 40 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से की गई है और इसमें 80 डॉक्टर, 150 स्टाफ नर्स और 200 ग्रुप-डी कर्मचारियों सहित लगभग 450 कर्मचारियों का स्टाफ होगा। पीजीआई चंडीगढ़ में हेपेटोलॉजी के पूर्व प्रोफेसर वरिंदर सिंह को संस्था का डायरैक्टर नियुक्त किया गया है। इस संस्थान में प्रदान की जाने वाली इनडोर और एमरजैंसी सेवाओं के माध्यम से लिवर संबंधी बीमारियों का विशेष रूप से इलाज किया जाएगा। इसका उद्देश्य पंजाब को पूरे देश में मैडीकल स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बनाना है। यह स्टेट हैडक्वार्टर 2.63 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है, जबकि गुरदासपुर, जालंधर, बठिंडा और फिरोजपुर में स्थापित जोनल दफ्तर लगभग 2.78 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए है। इसके इलावा लुधियाना, अमृतसर, पटियाला और होशियारपुर में चार जोनल दफ्तर निमार्णाधीन है, जिनका निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा।

विकास कार्य

8 फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के स्टेट हैडक्वार्टर सहित चार जोनल दफ्तरो का भी लोकार्पण

निशाने पर

सरकार अब सरकारी संस्थाओं में अव्वल दर्जे की सुविधाएं प्रदान कर रही है : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

# 'पिछली सरकारों ने कमीशन लेकर सरकारी संस्थाओं को कमजोर किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब की सरकारी संस्थाओं की बदहाली के लिए अकाली और कांग्रेस सरकारों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुये मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार अब सरकारी संस्थाओं में अव्वल दर्जे की सुविधाएं प्रदान कर रही है जिससे पंजाब का कोई भी व्यक्ति सरकारी सुविधाओ का लाभ लेने से वंचित न रहे। साहिबजादा अजीत सिंह नगर में गुरुवार को पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसज लोगों को समर्पित करने के बाद अपने संबोधन में भगवंत मान ने कहा कि



पिछली सरकारों के दौरान राजनीतिज्ञ प्राईवेट संस्थाओं के कारोबार में से हिस्सेदारी लेते थे और इसके एवज में सरकारी संस्थाओं को बिल्कुल ही अनदेखा कर देते थे। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लयह राजनीतिज्ञ इतने लालची और बेरहम थे कि इन्होंने सोची-समझी साजिश के अंतर्गत पंजाब का सरकारी स्वास्थ्य एवं शिक्षा ढांचा खत्म कर दिया था जिससे सरकारी संस्थाओं के दरवाजे बंद होने के बाद आम व्यक्ति शिक्षा या इलाज के लिए मजबूर होकर प्राईवेट लोगों के पास पहुँचे। प्राईवेट अस्पतालों में कैंसर का इलाज इतना महँगा होता था कि कैंसर रोगी आर्थिक कमजोरी के कारण इलाज ही नहीं करवाता था। यह लोग प्राईवेट संस्थाओं को लाभ कमाने के लिए आजादी देते थे और उस लाभ में से कमीशन लेते थे। राज्य में अब सरकारी संस्थाओं की बेहतरी के लिए उठाये जा रहे कदमों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने मिसाल के तौर पर बताया कि मोहाली में आज लोगों को समर्पित किया गया पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसज देश की दूसरी और पंजाब की पहली प्रतिष्ठित संस्था है जिसके पास इतनी आधुनिक मशीनें हैं कि किसी प्राईवेट अस्पताल के पास भी नहीं हैं।

सीधा आरोप

8 पिछली सरकारों के दौरान राजनीतिज्ञ प्राईवेट संस्थाओं के कारोबार में से हिस्सेदारी लेते थे

## विधानसभा बजट सत्र : आरक्षण की मूल भावना में कोई बदलाव नहीं होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधानसभा में कहा कि सरकार सीधे तौर पर आरक्षण खत्म करना चाहती है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, आरक्षण की मूल भावना में कोई बदलाव नहीं होगा। किसी को भी इससे नुकसान नहीं होगा। जिस भर्ती का रिजल्ट जारी हो जाएगा, एक माह के भीतर ज्वाइनिंग दी जाएगी। अगर निर्धारित अवधि में ज्वाइन नहीं किया तो उसका अभ्यर्थन निरस्त करते हुए, उसी रिजल्ट के दूसरे अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। गुरुवार को



प्रश्नकाल के बाद विधानसभा में नियम 58 के तहत आरक्षण पर चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष का आरोप है कि आरक्षण के विभागों में नियुक्तियां नहीं हो रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने स्वास्थ्य,आबकारी, सिंचाई विभाग सहित कई अन्य विभागों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनमें पदों को आरक्षण के अनुसार नहीं भरा जा रहा है। दर्जनों विज्ञापन जारी किए गए हैं जिनमें अनुसूचित जाति, जनजातियों, ओबीसी, के लोगों अनदेखी की गई। सरकार निचले तबके की अवहेलना कर रही है।